345
3/11/2014

श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा० प्र० से०), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 30.09.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स बैठक की कार्यवाही:–

उपस्थितिः– यथा पंजी में संधारित

दिनांक 30.09.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें विभिन्न विभागों के योजनाओं/कार्यक्रमों की निम्न प्रकार समीक्षा की गयी।

1. कृषि

(i) वर्षापात/आच्छादनः– जिला पदाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुये फसल स्थिति की जानकारी लिए जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि माह सितम्बर में 219.80 मि०मी० सामान्य वर्षापात के विरूद्ध अभीतक 128.22 मि०मी० वर्षा हुई है जो सामान्य वर्षापात से 41.66 प्रतिशत कम है किंतु, समय–समय पर अच्छी वारिस होते रहने से फसल की स्थिति अच्छी है।

(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :– जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि बीज एवं कीटनाशी की कमी नही है। उर्वरक विक्रेताओ के यहाँ यूरिया–65.5, डी०ए०पी–615.4, एन०पी०के०–37.00, एवं एम०ओ०पी०–57.00, मै० टन मात्र उपलब्ध है। अप्रैल 2014 से सितम्बर 2014 तक यूरिया 8225, डी०ए०पी०–2600, एन०पी०के०–1200, एम०ओ०पी०–625 एवं एस०एस०पी–20 मै० टन लक्ष्य के विरूद्ध अभीतक क्रमशः–5934.60, 1951.9, 304.5, 606.3, 19.6 मै० टन उर्वरक प्राप्त हुआ है जिसपर जिला पदाधिकारी, द्वारा उर्वरको को किसान के बीच समुचित वितरण कराने का निदेश दिया गया।

(iii) कृषि यांत्रिकरण :– जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि जिले को वर्ष 2014–15 मे क्रमशः 3836 एवं 238.89 भौतिक और वितीय लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए निदेशानुसार कृषको से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त कर स्वीकृत पत्र निर्गत किया जा रहा है। कृषि य्रांत्रिकरण मेला दिनांक–16–17.10.2014 को प्रस्तावित है जिनके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है।

(iv) मिट्टी जॉच अभियान :– मिट्टी जॉच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभीतक–3054 मिट्टी नमूना का विश्लेषण के साथ 3754 नमूना पंजीकृत किया गया है।

(v) डीजल अनुदान :– डीजल अनुदान की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा वताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडो मे अभीतक 6213 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें सदर मुंगेर, बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, ह० खड़गपुर, असरगंज, तारापुर, एवं संग्रामपुर से क्रमशः 27,225, 1,17,450, 1,01,312, 1,24,750, 2,03,000, 9,075,00, 12,88,600, एवं 9,53,042 लाख रू० कोषागार से निकासी हुई है जिसमे से सदर मुगेर, बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, असरगंज, तारापुर एवं ह० खडगपुर में प्रथम चरण का वितरण कार्य पूर्ण हो गया है और संग्रामपुर में वितरण कार्य अभी नही हुआ है। सदर मुंगेर, धरहरा, ह० खडगपुर एवं टे० बम्बर से क्रमशः 29,000, 8,24,187, 7,95,500 एवं 8,49,750 लाख रू० का डीजल अनुदान का आवेदन प्राप्त हुआ है जिसका सत्यानोपरान्त विपत्र तैयार हो रहा है जिला पदाधिकारी द्वारा डीजल अनुदान वितरण दो दिनो के अन्दर कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

2. <u>सिचाई एवं नलकूप</u> :– कार्यपालक अभियंता सिचाई प्रमंडल तारापुर द्वारा वताया गया कि सभी नहरो में टेल0 प्वाइंट तक पानी पहूँच गया है। नलकूप की समीक्षा में कार्यपालक अभियंता नलकूप ने वताया कि जिले में 24 नलकूप कार्यरत है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा नलकुपो को अपने स्तर से देखने हेतु कार्यक्रम वनाने का निर्देश दिया गया।

3. <u>विद्युत</u> :– कार्यपालक अभियंता विद्युत बैठक में उपस्थित नही हुए जिससे उनके विभाग की समीक्षा नही की जा सकी।

बैंठक में उपस्थित लोक स्वास्थ, गंगा पम्प नहर, मत्स्य, सहकारिता आत्मा एवं पशुपालन विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

विश्वासभाजन–

जिला कृषि पदाधिकारी, –सह–सदस्य सचिव मुंगेर।	उप विकास आयुक्त –सह– उपाध्यक्ष मुंगेर	जिला पदाधिकारी –सह– अध्यक्ष मुंगेर।

ज्ञापांक 1376 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 14.10.14

प्रतिलिपि–सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर/तारापुर/ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी, –सह–सदस्य सचिव मुंगेर।

ज्ञापांक 1376 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 14.10.14

प्रतिलिपि– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी –सह–सदस्य सचिव मुंगेर।

ज्ञापांक 1376 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 14.10.14

प्रतिलिपि–निदेशक पी0पी0एम0/कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी –सह–सदस्य सचिव मुंगेर।

ज्ञापांक 1376 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 14.10.14

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी –सह–सदस्य सचिव मुंगेर।